PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rajasthan Patrika, Jaipur**
**Saturday 4th October 2014, Page: 6**
**Width: 8.20 cms, Height: 8.57 cms, a4, Ref: pmln.2014-10-05.13.19**

# अब मनमानी कीमत नहीं वसूल सकेंगी दवा कंपनी

प्रवीण श्रीवास्तव . भोपाल
bhopal@patrika.com

अब दवा कंपनियां ज्यादा कीमत नहीं वसूल सकेंगी। इसके लिए ड्रग रेग्यूलेटर नेशनल फार्मा प्राइजिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है। इसमें देश की टॉप एक हजार दवा कंपनियों की जानकारियों को समय समय पर अपडेट किया जाएगा।

सॉफ्टवेयर बनने के साथ ही एनपीपीए प्रत्येक राज्य में एक मार्केट इंटेलीजेंट्स सेल भी तैयार करेगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. बीएस ओहरी के अनुसार यह सेल राज्य सरकार के साथ मिलकर राज्यों में दवा कंपनियों पर नजर रखेगी।

अब औषधि निरीक्षकों पर एनपीपीए सेल की निगरानी होगी। औषधि निरीक्षकों को तय सीमा में बाजार की जानकारी सेल को देनी होगी। इससे एनपीपीए सेल को एक निश्चित समय में बाजार की जानकारी मिलती रहेगी। इससे दवा कंपनियों द्वारा किए गए बदलावों की जानकारी लगातार मिलती रहेगी।